आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–27 मार्च 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों पर नामांकन की आखिरी समय सीमा आज समाप्त हो गई है। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीटों के लिए उन्नीस अप्रैल को चुनाव होगा । आठ सीटों पर नामांकन के आखिरी दिन पीलीभीत में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उधर, रामपुर लोकसभा सीट के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी मोहिबुल्लाह नदवी और वरिष्ठ सपा नेता आजम खान के करीबी आसिम राजा और हाफिज अब्दुल सलाम ने अपना अपना नामांकन किया।

इसके साथ ही शामली जिले के कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा रालोद गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने पर्चा भरा। उधर, रामपुर लोकसभा सीट से भाजपा नेता धनश्याम सिंह लोधी ने भी आज पर्चा भरा है। पहले चरण के सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी और तीस मार्च तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इसमें एक करोड़ तैंतालिस लाख मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतगणना चार जून को होगी।

****

लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना कल जारी की जाएगी। इस चरण में 12 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 89 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। दूसरे चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ–आठ, मध्य प्रदेश की 7, असम और बिहार की 5–5, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की तीन–तीन, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर की एक–एक सीट पर चुनाव होगा। उम्मीदवार 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और मतदान 26 अप्रैल को होगा।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही आम जनमानस से अधिक से अधिक संख्या में वोट करने की अपील की जा रही है।

वाराणसी में सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट और एक देश समान शिक्षा अभियान के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय मतदाता जागरूकता यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा वाराणसी के डॉ अम्बेडकर पार्क से शुरू होकर भदोही, प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, इटावा, औरैया, कानपुर, उन्नाव होते हुए एक अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी। उधर, अमरोहा में आज आले अहमद बालिका इंटर कॉलेज और रमाबाई आंबेडकर डिग्री कॉलेज गजरौला की ओर से आज मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्राओं ने लोगों से मतदान करने की अपील की।

इसी क्रम में कुशीनगर जिले में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के क्रम में बताया कि आयकर विभाग द्वारा एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका टोल फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य सात पांच चार शून्य तथा व्हाट्सएप नंबर छह तीन आठ आठ सात तीन छह तीन सात तीन है। इन नंबरों पर निर्वाचन को प्रभावित करने के

उद्देश्य के लिए प्रयुक्त नकदी एवं काले धन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

****

भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में शामिल हुए।

मथुरा में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा 10 वर्ष में आपने बदलते हुए नए भारत को देखा है। सीमाएं सुरक्षित हुई तो इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े–बड़े कार्य भी हुए। हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, नए संस्थानों का निर्माण व बिना भेदभाव जरूरतमंदों को गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। 2014 के बाद सिर्फ सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के अनुरूप बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। हर गरीब, व्यापारी, महिला, नौजवान, किसान को लाभ मिल रहा है। सुरक्षा–सब्सिडी सबको दे रहे हैं। नए भारत में युवा की आजीविका की व्यवस्था, आस्था का सम्मान, पौराणिक विरासत के संरक्षण का कार्य भी हो रहा है। विकास के साथ आम नागरिकों को जोड़ने का कार्य हो रहा है। बेटी–बहन और व्यापारी को सुरक्षा की गारंटी है। किसान को विकास के अभियान के साथ जोड़ने की गारंटी ही मोदी की गारंटी है।

****

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने आज अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन पूजन कर मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि सैकड़ों वर्षों के इंतजार के बाद रामभक्तों की आस पूर्ण हुई है। इसके साथ ही अयोध्या में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है, अयोध्या विकास के पथ

पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। देश और दुनिया के लोग अयोध्या और भगवान राम लला का दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। इसके पूर्व राज्यपाल थावरचंद गहलोत को सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

****